हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 10 अगस्त 2025

04 चलती हुई यात्री बस में सच्ची जीवनदायिनी बनी नर्स ...



07 बहनों ने भाई की कलाई पर प्यार बांधा है, रेशम की...





## खबर संक्षेप

### अधिकारी की अनुमति उपरांत मुख्यालय छोड़े

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले की सभी जनपदों के सीईओ व उनके अधीनस्थ स्टॉप को मुख्यालय पर निवास करने के निर्देश दिए हैं। विशेष परिस्थितियों में अवकाश की जरुरत होने पर जिला पंचायत सीईओ से लिखित अनुमति लेने के बाद मुख्यालय छोड़ सकेंगे। यदि किसी अधिकारी, कर्मचारी द्वारा बिना स्वीकृति के मुख्यालय छोड़ा जाता है उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### पोर्टल पर किसानों की दर्ज होगी फॉर्मर रजिस्ट्री

**विदिशा।** सारा पोर्टल पर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री दर्ज होगी। फार्मर रजिस्ट्री दर्ज करने का काम जिले भर में चल रहा है। किसानों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ ऑनलाइन दिया जा रहा है। किसान सम्मान निधि तथा खेती से जुड़ी अन्य योजनाओं के अनुदान ऑनलाइन प्राप्त होते हैं। एग्रोस्टेक परियोजना के तहत किसानों को ऑनलाइन लाभ देने के लिए सारा पोर्टल पर फार्मर रजिस्ट्री की जा रही है। एक माह की अवधि में फार्मर रजिस्ट्री का शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए हैं।

### स्वतंत्रता दिवस निर्देश गरिमामय मनाएं

**कुरवाई।** स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम को गरिमापूर्ण माहौल में मनाने के लिए कुरवाई अनुविभागीय अधिकारी नितिन जैन ने सभी विभागों के प्रमुख अधिकारियों की बैठक ली। बैठक की अध्यक्षता कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे ने की। जनपद पंचायत सीईओ आयुष अग्रवाल ने आगामी स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा से विधायक सप्रे को अवगत कराया। विधायक हरि सिंह सप्रे ने सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित किया कि हमारा राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस बड़े ही गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण माहौल में मनाया जाए। बैठक में शासकीय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सीताराम सैनी, विधानसभा प्रभारी विनोद जैन, सीएमओ, बीएमओ, बीईओ, बीआरसी, प्राचार्य संदीपनी स्कूल, प्राचार्य शासकीय कॉलजे मौजूद रहे।

### ओलंपस के आद्विक ने जीता गोल्ड मेडल

**विदिशा।** भोपाल में हुए सीबीएसई क्लस्टर 12 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ओलम्पस हाई स्कूल के कक्षा 9 के विद्यार्थी



आद्विक सिंघल ने हाई जम्प अंडर 17 के फाइनल में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। स्कूल प्राचार्या प्राची रघुवंशी ने बताया कि इस कड़े मुकाबले में जिसमें 50 से भी अधिक स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया था, अद्विक ने 1.53 मीटर ऊँची जम्प लगाई और अपनी मेहनत के बल पर स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय परिवार और अपने माता-पिता को गौरवान्वित किया। स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी ने जानकारी दी कि नेशनल प्रतियोगिता 10 सितम्बर से वाराणसी उत्तरप्रदेश में खेली जाएगी। जिसमें अद्विक ओलंपस हाई की ओर से भाग लेगा।

### छात्राएं हुईं पुलिस कार्यप्रणाली से रूबरू

**विदिशा।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय आमखेड़ा सूखा की लगभग 50 छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ द्वारा थाना नटेरन का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान छात्राओं को थाना परिसर के विभिन्न हिस्सों जैसे कि थाना प्रभारी कक्ष, महिला बंदीगृह, पुरुष बंदीगृह, वितंतु कक्ष, मालखाना एवं विवेचक कक्ष की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी गई। थाना स्टाफ द्वारा छात्राओं के प्रश्नों का उत्तर देकर उन्हें पुलिस व्यवस्था की बारीकियों से परिचित कराया गया। जिससे उनके अंदर सुरक्षा को लेकर विश्वास और आत्मीयता की भावना जागृत हो सके।

## 12 अगस्त तक चलेगा अभियान का दूसरा चरण

# हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान की तैयारी, तीन चरणों में होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

इस साल जिला स्वतंत्रता दिवस का उत्सव स्वच्छता के संग मनाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार जिले में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता नामक एक विशेष अभियान की शुरुआत की गई है, जो 3 चरणों में संचालित होगा।

इस अभियान का उद्देश्य देशभक्ति और स्वच्छता के संदेश को एक साथ जोड़ना है। जिससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत और जल जीवन मिशन के संकल्प को भी मजबूती मिलेगी। तीन चरणों में होगा अभियान का क्रियान्वयन किया जाएगा।





विदिशा। अभियान की शुरूआत शुक्रवार को जनप्रतिनिधियों के द्वारा शपथ लेकर की गई।

प्रथम चरण 8 अगस्त को हुआ। जिसमें देशभक्ति का माहौल बनाने पर जोर दिया जाएगा। जिले में तिरंगे पर केंद्रित सार्वजनिक कार्यक्रम और चर्चाएं आयोजित होंगी। इनमें तिरंगा प्रेरित कला और प्रदर्शनी, तिरंगा रंगोली, तिरंगा राखी निर्माण, तिरंगे पर आधारित प्रश्नोत्तरी और सैन्य बलों के जवानों को पत्र लेखन जैसी गतिविधियां शामिल थीं। द्वितीय चरण 9 से 12 अगस्त तक इस चरण में अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा। जिले में स्थानीय उत्पादों पर केंद्रित तिरंगा मेला, तिरंगा कॉन्सर्ट, तिरंगा बाइक, साइकिल रैली और तिरंगा याला जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। तिरंगा ध्वज की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। द्वितीय चरण हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग का आयोजन 8 अगस्त से 15 अगस्त तक जिले के निकायों व ग्रामीण क्षेत्रों में एक साथ आयोजित किया जाएगा। इसकी शुरूआत शुक्रवार 8 अगस्त को जनप्रतिनिधियों के द्वारा शपथ लेकर की गई है।

शुभांरभ कार्यक्रम में शमशाबाद विधायक व पूर्व मंत्री सूर्यप्रकाश मीणा ने शपथ का वाचन किया। जिसे विदिशा विधायक मुकेश टंडन, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोड़िया के साथ-साथ अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों ने दोहराई है। शपथ मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के संदेशों को अमल में लाते हुए हम स्वंय स्वच्छ रहेंगे घर को स्वच्छ रखेंगे, गांव को स्वच्छ रखेंगे, समाज को स्वच्छ रखेंगे ताकि सम्पूर्ण जिला स्वच्छता के आयामो में अव्वल रहे।

### हर घर तिरंगा फहराने का लक्ष्य

गौरतलब हो कि हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त तक को जिले के हर घर, कार्यालय और वाहन पर तिरंगा फहराने का लक्ष्य है। इस दौरान तिरंगे के साथ सेल्फी अपलोड करने और हर जगह तिरंगे की दृश्यता सुनिश्चित करने जैसे कार्यक्रम होंगे। 15 अगस्त की शाम को सम्मानपूर्वक तिरंगे को उतारने की व्यवस्था भी की जाएगी। स्वच्छता और जल संरक्षण पर विशेष ध्यान यह अभियान स्वच्छता और जलसंरक्षण के प्रति जागरुकता फैलाने पर भी केंद्रित है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) और जल-जीवन मिशन के अंतर्गत शहडोल जिले के गांवों और ग्राम पंचायतों में कई गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनमें सामुदायिक सफाई अभियान, को जल संरक्षण और 15 अगस्त अमृत सरोवर चैथे सार्वजनिक स्थानों पर ध्वजाचेहषण शामिल है।

# बाढ़ पीड़ितों को 61 लाख रुपए से अधिक राशि जारी

### मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने राहत राशि जारी की

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सिंगल क्लिक से प्रदेश में प्राकृतिक आपदा से प्रभावितों को राहत राशि जारी की।

विदिशा एनआईसी व्हीसी कक्ष में विधायक सूर्यप्रकाश मीणा, विधायक मुकेश टंडन, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा के अलावा अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और बाढ़ से प्रभावित पीड़ित व उनके परिजन मौजूद रहे। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने बताया कि विदिशा जिले में प्राकृतिक आपदा अवधि के दौरान कुल 1276 हितग्राहियों को कुल भुगतान राशि 61 लाख 69 हजार 500 रुपए जारी की गई है।

जिसमें पांच जनहानि होने पर उनके परिजनों को 20 लाख रुपए की राशि वहीं आठ हितग्राहियों के पशुधन की हानि होने पर उन्हें कुल 90 हजार 500 की राशि जारी की गई है इसके अलावा 1049 हितग्राहियों के मकान क्षतिग्रस्त होने पर उन्हें कुल 31 लाख 500 रुपए की राशि जारी की गई है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाओं के दौरान पीड़ितों के कपड़ा, बर्तन, खाद्यान्न नुकसान होने पर ऐसे 214 हितग्राहियोंको कुल 9 लाख 78 हजार 500 रुपए की सहायता राशि जारी की गई है।

### लायंस क्लब विदिशा संघमित्रा का अधिष्ठापन समारोह

**विदिशा।** लायंस क्लब विदिशा संघमित्रा का अधिष्ठापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेश मालवीय, अतुल शाह, मुदित बंसल, अनामिका पचौरी मौजूद रहीं। अध्यक्ष सोनल शर्मा द्वारा अतिथि मंचासीन करवाने के बाद अध्यक्ष लायन सविता कटारे ने सभा प्रारंभ करने की घोषणा की। सामूहिक राष्ट्रगान के बाद लायन योगिता यादव ने ध्वज वंदना का गायन किया और पूर्व अध्यक्ष लायन नीता चतुर्वेदी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में लायन सविता कटारे ने संघमित्रा की सालभर की गतिविधियों को संक्षेप में बताया। कमला चतुर्वेदी ने अपना सचिवीय प्रतिवेदन पढ़कर क्लब की खूबियां बतायीं। अध्यक्ष लायन सविता कटारे ने सभी सदस्यों को मोमेंटो प्रदान किए। समारोह के दौरान शहर के प्रमुख व्यक्तित्वों को सम्मानित भी किया गया, जिनमें वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. नवीन शर्मा, जिला अभिभाषक संघ अध्यक्ष संतोष शर्मा का सम्मान किया गया। कोषाध्यक्ष सीमा दुबे ने नवीन सदस्यों को शपथ दिलाई।



### खनन करते 1 पोकलेन 3 ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त किए



**विदिशा।** खनिज विभाग ने मुरम का अवैध खनन करते हुए 3 ट्रैक्टर ट्रॉली और एक पोकलेन मशीन को जब्त किया गया है। रोहित शर्मा पर प्रकरण दर्ज किया गया है। वाहनों को जब्त कर ढोलखेड़ी चौकी पर खड़ा कराया गया है।

# गुरुकुल स्कूल में छात्र परिषद का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭बरेली

गुरुकुल सीबीएसई स्कूल में नवनिर्वाचित छात्र परिषद के शपथ ग्रहण समारोह का गरिमामय आयोजन किया। छात्रों को उनकी नई जिम्मेदारियों के अनुरूप बैज और सैश पहनाए तथा सभी नव नियुक्त कैबिनेट सदस्यों ने विद्यालय की गरिमा बनाए रखने और कर्तव्यों का निष्ठा पूर्वक पालन करने की शपथ ली।

समारोह में भव्य मार्च पास्ट का आयोजन हुआ। इस वर्ष छात्र परिषद में प्रांजल दुबे को हेड बॉय तथा माही राय को हेड गर्ल नियुक्त किया। हाउस कैप्टन के रूप में वशिष्ठ हाउस से हार्दिका पटेल व सूर्यांश धाकड़, व्यास हाउस से दिव्यांशी धाकड़ व अभिनव धाकड़, गौतम हाउस से रागिनी दुबे व पार्थ रघुवंशी तथा अगस्थ हाउस



से वैष्णवी राय व ऋशिराज पटेल को चुना। अनुशासन कप्तान में अनन्या माझी व रुद्रांश रघुवंशी, खेल कप्तान के रूप में मश्रीयंती ठाकुर व आदित्य राठी, सांस्कृतिक कप्तान के रूप में सौम्या राय व पुनीत राजोरिया को नियुक्त किया। गिरिवर भूतड़ा को बैंड कप्तान, पहल धाकड़ को परेड कमांडर तथा मात्रिका राय व मीरा धाकड़ को पायलट के रूप में जिम्मेदारी सौंपी। यह समारोह विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन को प्रोत्साहित करने का एक उत्कृष्ट उदाहरण रहा।

# एक घर में 11 या अधिक मतदाता होने पर सत्यापन के मापदंड जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देश का हवाला देते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंशुल गुप्ता ने बताया कि नगरपालिकाओं एवं पंचायतों की मतदाता सूची में एक ही घर में 11 एवं उससे अधिक दर्ज मतदाताओं की जानकारी नगरीय निकायवार, विकासखंडवार आयोग को उपलब्ध कराई गई है।

आयोग निर्देशों पर जिले की नगरपालिकाओं एवं पंचायतों की मतदाता सूची में एक ही घर में 11 एवं उससे अधिक दर्ज मतदाता वाले मतदाताओं का नगरीय निकायवार, विकासखंडवार भौतिक सत्यापन कराया जाकर जानकारी समयावधि में प्रेषित करने के निर्देश सभी आरो व एआरो को जारी किए गए हैं।

आयोग के द्वारा जारी आदेश में जिले की नगरपालिकाओं एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची में एक ही मकान, गृह में 11 एवं उससे अधिक दर्ज मतदाताओं के भौतिक सत्यापन करने हेतु ईआरएमएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से सूची जनरेट कर इस कार्यालय को उपलब्ध कराई गई है।

### सीएम राइज विद्यालय में निकाली तिरंगा यात्रा

**सिरोंज।** हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगाअभियान के तहत शुक्रवार को शाला सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में देशभक्ति से जुड़ी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस अवसर पर निबंध लेखन, चित्रकला और प्रश्नोत्तरी में छात्र-छात्राओं ने तिरंगे के महत्व और आजादी के इतिहास पर अपने विचार और कला प्रस्तुत की। इसके बाद विद्यालय परिवार ने भव्य तिरंगा यात्रा निकाली, जिसमें विद्यालय के प्राचार्य महेश कुमार ताम्रकार सहित सभी शिक्षक और छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। तिरंगा यात्रा नगर की मुख्य गलियों से गुजरी, जहाँ हर हाथ में लहराता तिरंगा और गगनभेदी नारे देशभक्ति के रंग बिखेर रहे थे।

# बच्चों ने एसपी को बांधी राखी



**विदिशा।** सामुदायिक भवन पुलिस लाइन में रक्षाबंधन के अवसर पर नारायणा ई-टेक्नो स्कूल के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने एसपी रोहित काशवानी को राखी बांधकर उनके प्रति स्नेह एवं सम्मान प्रकट किया। इस अवसर पर केजी-2 कक्षा के बच्चों ने लटेरी एसडीओपी अमरेश बोहरे, बासौदा एसडीओपी शिखा भल्लावी, कुरवाई एसडीओपी रोशनी सिंह सहित सभी थाना प्रभारी एवं अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों को राखी बांधी। पुलिस परिवार द्वारा नन्हें-मुन्ने बच्चों को मिष्ठान वितरण किया गया। इस दौरान पुलिस स्टाफ सहित स्कूल की वाइस प्रिंसिपल बबीता साहू, मदर टीचर एवं एडमिनिस्ट्रेशन ऑफिसर के साथ स्कूल के कुल 24 बच्चे उपस्थित रहे।

# पुलिस के शिकायत निवारण शिविर में आईं 70 शिकायतें, 55 का मौके पर ही किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शुक्रवार को पुलिस द्वारा जन शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 70 में से 55 शिकायतों का मौके पर निराकरण किया गया। सामुदायिक भवन, पुलिस लाइन में एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन एक दिवसीय सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्देश्य जनता की शिकायतें सुनकर उनका त्वरित एवं निष्पक्ष समाधान करना रहा। इस शिविर में 31 जुलाई की स्थिति में लंबित शिकायतों का शीघ्र समाधान किया गया। शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग 70 आवेदकों की शिकायतें सुनी गईं, जिनमें से 55 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शेष प्रकरणों पर भी त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। एसपी रोहित काशवानी ने स्वयं फरियादियों से चर्चा कर





उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीएसपी अतुल सिंह, लटेरी एसडीओपी अमरेश बोहरे, बासौदा एसडीओपी शिखा भल्लावी एवं कुरवाई एसडीओपी रोशनी सिंह मौजूद रहे।

# हड़ताल कर रहे तहसीलदारों ने पूर्व मंत्री मीणा को सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** पिछले तीन दिनों से तहसीलदार और नायब तहसीलदार अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। शुक्रवार को अधिकारियों ने पूर्व मंत्री एवं शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा को मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें तहसीलदारों ने अपनी मांगे दोहराईं। बताया गया कि प्रदेश सरकार ने न्यायालय तहसीलदार और गैर न्यायालय तहसीलदार के लिए अलग-अलग अधिकारी नियुक्त करने का एलान किया है। जिसका विरोध पूरे प्रदेश में राजस्व अधिकारी कर रहे हैं।

# शिकायत की जांच करने खेत तक पहुंचे अधिकारी

**शमशाबाद।** तहसील के ग्राम पट्टन निवासी कृषक चंद्रमोहन यादव पिता मेहरबान सिंह यादव के खेत में 32 बीघा रकवा खरपतवार नाशक व कीट नाशक दवा के छिड़काव से सोयाबीन नष्ट हो गया था। जिसकी शिकायत किसान चन्द्रमोहन यादव द्वारा कलेक्टर अंशुल गुप्ता व जिला कृषि कार्यालय में की गई थी। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए विकासखंड में पदस्थ कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा निरीक्षण प्रतिवेदन जिला कार्यालय में प्रस्तुत किया गया था। कार्रवाई के लिए कार्यालय उपसंचालक कृषि द्वारा जांच दल का गठन किया गया। इस निरीक्षण दल में उपसंचालक कृषि केएस खपेड़िया, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. वीके गर्ग, पादप रोग वैज्ञानिक डॉ. आशीष श्रीवास्तव, सहायक संचालक कृषि



महेंद्र सिंह ठाकुर, प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जगदीश गुर्जर, क्षेत्रीय कृषि अधिकारी संगम रघुवंशी, लक्ष्मण गुर्जर कृषि विस्तार अधिकारी एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा तहसील समन्वयक जितेंद्र यादव ने खेत पर पहुंचकर सोयाबीन फसल में नुकसान का जायजा लिया।

## नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत आयोजित की गईं थी प्रतियोगिता

# निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर आदित्य को एसपी ने दिया 11 हजार का पुरस्कार और प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को को सामुदायिक भवन, पुलिस लाइन में निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के कक्षा 11वीं के छात्र आदित्य विश्वकर्मा को एसपी रोहित काशवानी द्वारा 11 हजार रुपए का नगद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान बासौदा कुरवाई एसडीओपी रोशनी सिंह, एसडीओपी शिखा भल्लावी एवं रक्षित निरीक्षक भूरेसिंह चौहान भी मौजूद रहे। यह अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई तक आयोजित किया गया था। जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों से विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

यह सम्मान न केवल विद्यार्थी के लेखन कौशल का सम्मान था, बल्कि नशामुक्ति जैसे गंभीर सामाजिक विषय पर जन जागरूकता के प्रति युवाओं की सोच को भी दर्शाता है। एसपी ने इस अवसर पर कहा कि नशे के विरुद्ध समाज की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है, और इस प्रकार के रचनात्मक प्रयास युवाओं को सही दिशा देने का सशक्त माध्यम बन सकते हैं।



विदिशा। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त छात्र आदित्य विश्वकर्मा को पुरस्कृत करते हुए विदिशा एसपी।

### सफर के बीच गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव कराकर दिलाया बच्चे को जन्म

# चलती हुई यात्री बस में सच्ची जीवनदायिनी बनी नर्स कलन, जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़





जिले से सागर जा रही एक यात्री बस देर रात एक नर्स की मानवीय संवेदना और साहस की गवाह बनी, जब चलते सफर में बस में सबार एक गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा के चलते पेट में अचानक दर्द होने लगा। तब उसी बस में यात्री रूप में सवार एक नर्स साहस और मानवीय संवेदना की प्रतिमूर्ति बनकर सामने आई और नर्स ने दर्द से कराह रही गर्भवती महिला की मदद कर बस में ही महिला का सुरक्षित प्रसव कराया। जिससे महिला ने नवजात बच्चे को जन्म दिया। यह घटना टीकमगढ़-बड़ागांव के बीच अमरपुर गांव के पास घटी, जिसने यात्रियों और स्थानीय लोगों को भावुक कर दिया।

## घर लौट रहे थे दंपति

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शाहगढ़ थाना क्षेत्र निवासी आरती अपने पति मुकेश रजक के साथ दिल्ली में मजदूरी करके अपने घर लौट रही थीं। बस में सफर के दौरान देर रात अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। स्थिति गंभीर होती देख यात्री चिंतित हो गए, लेकिन सौभाग्य से बस में बड़ागांव स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ नर्स कलन यादव भी मौजूद थीं। उन्होंने बिना देर किए स्थिति संभाली और महिला का सुरक्षित प्रसव कराया।

बस के यात्रियों ने बताया कि नर्स कलन यादव ने बेहद धैर्य और कुशलता के साथ पूरे प्रसव की प्रक्रिया संभाली, जिससे मां और बच्चे दोनों सुरक्षित रहे। डिलीवरी के बाद 108 एंबुलेंस को मौके पर बुलाया गया और महिला व नवजात को बड़ागांव अस्पताल पहुंचाया गया।

बड़ागांव स्वास्थ्य केंद्र बीएमओ रुचि साहू ने बताया कि महिला और उसका नवजात दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं। आरती ने एक स्वस्थ पुत्र को जन्म दिया है और फिलहाल मां-बेटा अस्पताल में भर्ती हैं, जहां उनकी देखभाल की जा रही है। इस घटना ने यह साबित कर दिया कि अगर मन में जज़्बा हो तो संवेदनशीलता और सेवा-भाव किसी भी परिस्थिति में जीवन रक्षक साबित हो सकते हैं। यात्रियों और ग्रामीणों ने नर्स कलन यादव के इस मानवीय कार्य की सराहना करते हुए उन्हें सच्ची ह्यजीवनदायिनीह्ल बताया। यात्रियों ने बताया कि गर्भवती महिला आरती अपने पति मुकेश रजक के साथ दिल्ली में मजदूरी करके टीकमगढ़ से बस में सवार होकर अपने गांव छतरपुर जिले के ऐरौरा जा रही थी। तभी रास्ते में उसे पेट में दर्द होने लगा। ऐसे में आसपास कोई मेडिकल सुविधा नहीं थी। लेकिन उसी बस में नर्स कलन यादव भी सफर कर रही थी, जो गर्भवती महिला के लिए फरिश्ता बनकर सामने आई। और महिला आरती का सुरक्षित प्रसव कराया। जिससे जच्चा बच्चा दोनों का जीवन सुरक्षित रहा।

### ई-स्कूटी खराब निकलने पर जिला उपभोक्ता फोरम का फैसला

# नया वाहन दें या लौटाये राशि, साथ में 25 हजार रुपए क्षतिपूर्ति देने के निर्देश




हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

इलेक्ट्रिक स्कूटी खराब निकलने के मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग जिला उपभोक्ता फोरम ने महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए विक्रेता को उपभोक्ता को नई स्कूटी देने या खरीदी गई राशि लौटाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सेवा में कमी और अनुचित व्यापार व्यवहार के लिए कुल 25 हजार रुपए क्षतिपूर्ति के रूप में देने का भी आदेश दिया गया है।

अधिवक्ता बृज बिहारी यादव ने बताया कि ग्राम सुंदरपुर निवासी रामकिशन सेन ने 12 मई 2024 को जिले में संचालित मेसर्स सागर इंटरप्राइजेज से नकद राशि देकर एक इलेक्ट्रिक स्कूटी खरीदी थी। स्कूटी के संबंध में विक्रेता ने दावा किया था कि यह एक बार चार्ज करने पर 80 किलोमीटर चलेगी। लेकिन कुछ ही दिनों में स्कूटी की बैटरी और चार्जर में दिक्कतें आने लगीं और वाहन 30 से 40 किलोमीटर से अधिक नहीं चला। तब पीड़ति रामकिशन सेन ने इस संबंध में दुकानदार और मालिक राजेश जैन से शिकायत की, जिस पर बैटरी बदली गई। लेकिन इसके बावजूद भी स्कूटी की रेंज में सुधार नहीं हुआ। दो बार बैटरी बदलने के बाद भी वाहन की समस्या जस की तस बनी रही। बार-बार शिकायत करने के बाद भी समाधान नहीं मिलने पर पीड़ति रामकिशन सेन ने जिला उपभोक्ता फोरम का दरवाजा खटखटाया। मामले की सुनवाई के दौरान फोरम ने पाया कि विक्रेता ने उपभोक्ता को दोषपूर्ण वाहन बेचा और सेवा में कमी बरती है। उपभोक्ता फॉर्म न्यायालय के आदेश में कहा गया कि मेसर्स सागर इंटरप्राइजेज के कर्ता व मालिक राजेश जैन परिवादी से पुरानी स्कूटी लेकर नई स्कूटी उपलब्ध कराएं, या फिर खरीद की पूरी राशि वापस करें। इसके अतिरिक्त, सेवा में कमी और मानसिक कष्ट के लिए 20 हजार रुपए तथा अनुचित व्यापार व्यवहार के लिए 5 हजार रुपए कुल 25 हजार रुपए 45 दिनों के भीतर परिवादी को अदा करने का निर्देश दिया गया है।

### स्नान, यज्ञोपवीत धारण व पितृ तर्पण के साथ हुआ वैदिक अनुष्ठान

# श्रावणी पूर्णिमा पर ब्राह्मण समाज ने मनाया श्रावणी उपाकर्म



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

रक्षाबंधन और श्रावणी पूर्णिमा के पावन अवसर पर ब्राह्मण समाज ने मंगलवार को परंपरागत विधि-विधान के साथ श्रावणी उपाकर्म का आयोजन किया। इस अवसर पर बुंदेलखंड पीठाधीश्वर महंत सीताराम दास महाराज के नेतृत्व में समाज के लोग सुबह महेंद्र सागर तालाब पहुंचे, जहां सामूहिक स्नान के साथ पर्व की शुरुआत हुई। स्नान के बाद यज्ञोपवीत धारण, पितृ तर्पण, ऋषि पूजन और दान जैसे धार्मिक अनुष्ठान किए गए। महंत सीताराम दास महाराज ने बताया कि श्रावणी उपाकर्म वैदिक काल से चली आ रही एक महत्वपूर्ण परंपरा है, जो आत्मशुद्धि, पाप-निवारण और आध्यात्मिक उन्नति के लिए की जाती है। उन्होंने कहा ,यह कर्म कुंभ स्नान के समान ही महत्त्वपूर्ण है और इसे आश्रम, जंगल या नदी के किनारे संन्यासी जीवन के नियमों का पालन करते हुए किया जाता है। इसमें यज्ञोपवीत बदलना, नया धारण करना और उपनयन संस्कार का विशेष महत्व है। शास्त्रों के अनुसार, श्रावण पूर्णिमा पर रक्षासूत्र बांधने, यज्ञोपवीत धारण करने और नदी स्नान से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। इस दिन व्रत, दान, ऋषि पूजन, पितृ तर्पण और तप करने का विधान है। महंत सीताराम दास ने बताया कि दसविधि स्नान से आत्मशुद्धि होती है और पितरों के तर्पण से उन्हें तृप्ति मिलती है। प्राचीन काल में इसी दिन से ऋषि-मुनि वेदों का पाठ प्रारंभ करते थे। इस पर्व में तीन प्रमुख पक्ष माने जाते हैं प्रायश्चित संकल्प, संस्कार और स्वाध्याय। अनुष्ठान के अंतर्गत तीर्थ अवगाहन, दशस्नान और हेमाद्रि संकल्प किए जाते हैं। आयोजन के दौरान वृक्षारोपण का भी विशेष महत्व बताया गया। परंपरा के अनुसार, इस दिन लगाए गए पौधों से अनंत गुना पुण्य प्राप्त होता है। महंत ने उपस्थित लोगों से पेड़-पौधे लगाने और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की।



# पुलिस ने आदिवासी बस्ती में बांटी खुशियां

### एसपी के अभियान हेल्पिंग हैंड के तहत सामाजिक सरोकारों से जुड़ी हो रही पहल

**टीकमगढ़।** पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में जिले में संचालित हेल्पिंग हैंड अभियान के तहत पुलिस महकमा इन दिनों सामाजिक सरोकारों से जुड़ी कई सकारात्मक और प्रेरणादायक पहल कर रहा है। इसी कड़ी में रक्षाबंधन के अवसर पर जतारा पुलिस ने ऐसा मानवीय कार्य किया, जिसने आदिवासी बस्ती में त्योहार की खुशियों को दोगुना कर दिया। थाना प्रभारी जतारा निरीक्षक रविभूषण पाठक और उनकी टीम ने जनजातीय दिवस एवं रक्षाबंधन के पावन अवसर को ध्यान में रखते हुए थाना क्षेत्र की एक आदिवासी बस्ती का भ्रमण किया। बस्ती में पहुंचते ही पुलिस टीम का स्वागत ग्रामीणों ने आत्मीयता से किया। पुलिसकर्मियों ने वहां मौजूद नन्हीं बालिकाओं को स्नेहपूर्वक राखियां और मिठाई भेंट कीं। मिठाई और राखी पाकर बच्चियों के चेहरे पर मासूम मुस्कान खिल उठी, जो उस क्षण को अविस्मरणीय बना गई। इस अवसर पर निरीक्षक रविभूषण पाठक ने बच्चियों को भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का महत्व समझाया और सभी से सामाजिक एकता, आपसी सहयोग और प्रेमभाव बनाए रखने की अपील की। पुलिसकर्मियों ने बालिकाओं और ग्रामीणों से आत्मीय संवाद करते हुए उनके हालचाल भी पूछे तथा आश्वासन दिया कि पुलिस हमेशा उनकी सुरक्षा और सहायता के लिए तत्पर है। कार्यक्रम के दौरान बस्ती का माहौल भाईचारे और भावनात्मक रिश्तों की मिठास से सराबोर हो गया। ग्रामीणों ने जतारा पुलिस की इस पहल को सराहते हुए कहा कि यह सिर्फ एक त्योहार मनाना नहीं, बल्कि समाज में विश्वास और आपसी जुड़ाव की मिसाल कायम करने जैसा है। हेल्पिंग हैंड अभियान के माध्यम से पुलिस द्वारा लगातार ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक संवेदना और सहयोग का संदेश पहुंचाना है। रक्षाबंधन पर जतारा पुलिस की यह पहल इस बात का प्रमाण है कि पुलिस केवल कानून-व्यवस्था की रखवाली ही नहीं करती, बल्कि जरूरत पड़ने पर समाज का सहारा भी बनती है।

### डीआईजी शाक्यवार ने एसपी के साथ ली अपराध समीक्षा बैठक

# कानून व्यवस्था की मजबूती में जन-जागरूकता की अहम भूमिकाः डीआईजी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने तथा आपराधिक मामलों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से पुलिस उपमहानिरीक्षक डीआईजी छतरपुर रेंज ललित शाक्यवार ने पुलिस अधीक्षक एसपी मनोहर सिंह मंडलोई ने पुलिस कंट्रोल रूम में विस्तृत अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी, थाना और चौकी प्रभारी सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक की शुरुआत में एसपी मनोहर सिंह मंडलोई ने डीआईजी ललित शाक्यवार का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद एसपी मंडलोई ने पावर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिले में हाल ही में की गई पुलिस कार्यवाहियों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने आंकड़ों और उदाहरणों के माध्यम से बताया कि जिले में चलाए जा रहे जन-जागरूकता अभियानों के परिणामस्वरूप कई तरह के अपराधों में उल्लेखनीय कमी आई है। डीआईजी शाक्यवार ने इन प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जन-जागरूकता कानून-व्यवस्था की मजबूती में उतनी ही अहम भूमिका निभाती है, जितनी कि त्वरित और प्रभावी कार्रवाई। बैठक के दौरान डीआईजी ने जिले में दर्ज लंबित गंभीर अपराध, महिला एवं बालिका संबंधी अपराध, एससी, एसटी एक्ट के प्रकरण, राहत प्रकरण, मर्ग जांच और सीसीटीएनएस पोर्टल पर लंबित कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि, लंबित प्रकरणों का शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए। महिला एवं कमजोर वर्ग से जुड़े मामलों में विशेष संवेदनशीलता बरती जाए। सीसीटीएनएस पोर्टल पर समयबद्ध और सटीक डेटा दर्ज किया जाए। जनता के साथ संवाद और विश्वास बढ़ाने के लिए सतत जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। डीआईजी शाक्यवार ने कहा कि पुलिस का मूल उद्देश्य जनता का विश्वास बनाए रखना है और इसके लिए समयबद्ध न्याय, संवेदनशील व्यवहार और पारदर्शी कार्यशैली का होना अनिवार्य है। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह, एसडीओपी राहुल कटरे, एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम, रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान, ट्रैफिक प्रभारी कैलाश पटेल सहित जिले के सभी थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी और जिला मुख्यालय स्थित पुलिस कार्यालयों के प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

### भाई-बहन के प्रेम व सुरक्षा का प्रतीक पर्व है रक्षाबंधनः सुनील खटीक

**पलेरा।** नगर के वार्ड क्रमांक 10 में रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। नगर की तमाम बहनों ने एकजुट होकर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील खटीक का मंगल तिलक करते हुए आरती उतारी और कलाई पर राखी सजाई। पूर्व नपाध्यक्ष सुनील ने भी बहनों को उपहार भेंट किये और उन्हें समाज में महिलाओं की भूमिका और सम्मान को सर्वोपरि बताते हुए भरोसा दिलाया कि वे सदैव बहनों की रक्षा, सम्मान और उत्थान के लिए तत्पर रहेंगे। पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सुनील खटीक ने मौके पर उपस्थित सभी बहनों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व न केवल भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत करता है, बल्कि समाज में प्रेम, विश्वास और कर्तव्यबोध का भी संदेश देता है।



### धूमधाम से मनाया मोक्ष कल्याणक दिवस

# धर्म है तो आप हैं, और आप हैं तो धर्म हैः सौम्य सागर

**टीकमगढ़।** शहर के हृदय स्थल 1008 पारसनाथ दिगंबर जैन बाजार मंदिर में सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा चतुर्मास व धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी है। यहां श्रमण मुनि 108 सोम्य सागर महामुनि राज और मुनि 108 जैयत सागर महामुनि राज का चतुर्मास विराजमान है। धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष नरेंद्र जनता ने बताया कि शहर के सभी 18 जैन मंदिरों में 1008 श्रेयांशनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। बाजार जैन मंदिर में मुख्य कार्यक्रम के तहत मुनि सोम्य सागर ने प्रवचन दिए, जिसमें उन्होंने कहा, धन्य है वह नगरी, जहां मुनिराज आते हैं। मुनि सौम्य सागर ने कहा कि जैन समाज को वर्ष में मात्र चार माह मुनियों की सेवा का अवसर मिलता है, जबकि विहार के आठ माह अन्य समाज के लोग धर्म मार्ग में सहयोग करते हैं। उन्होंने सफाई कर्मचारियों के योगदान का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि यदि मार्ग में कोई जीव-जंतु मृत अवस्था में मिल जाए, तो सफाई कर्मी तत्परता से उसे हटाते हैं ताकि मुनियों के आहार में कोई बाधा न आए। उन्होंने बताया कि 700 मुनियों पर आए कष्ट निवारण के लिए यह पर्व मनाया जाता है। गुरु की दृष्टि को दूरदृष्टि बताते हुए उन्होंने कहा कि ऋऐसी वाणी बोलो, जिससे मन का अहंकार मिटे, दूसरों को शीतलता मिले और स्वयं भी शीतलता का अनुभव हो। ऐसी जगह बैठो कि कोई कहे नहीं उठो। और ऐसी भाषा बोलो कि कोई कहे नहीं बल्कि चुप रहो। मुनि श्री ने धर्म की महत्ता पर जोर देते हुए कहा धर्म है तो आप हैं, और आप हैं तो धर्म है। अपना जीवन मार्ग ऐसा बनाएं कि सौधर्म इंद्र बनकर 170 तीर्थंकरों के पंचकल्याणक में सहभागी होने का सौभाग्य प्राप्त हो।



### राखी बांधकर बहनों ने की भाइयों की लंबी उम्र की कामना, भाइयो ने दिया रक्षा का बचन

# हर्षउल्लास से मनाया 5 हजार वर्ष से भी पुराना रक्षाबंधन त्यौहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़





रक्षाबंधन का त्यौहार जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र और खुशहाली की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया।

रक्षाबंधन का पर्व जिलेभर में शहर से लेकर गांव-गांव तक पूरे हर्षोल्लास और भावनाओं की मिठास के साथ मनाया गया। भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को समर्पित इस दिन ने हर चेहरे पर मुस्कान बिखेरी और घर-घर में प्रेम व अपनेपन की खुशबू भर दी। सुबह से ही बहनों ने पूजा की थालियां सजा लीं, जिनमें रोली, कुमकुम, अक्षत, दीपक और रंग-बिरंगी राखियां रखी गईं। शुभ मुहूर्त में बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर दाहिने हाथ पर राखी बांधी, आरती उतारी और मिठाई खिलाते हुए उनकी लंबी उम्र व सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बदले में भाइयों ने रक्षा का संकल्प निभाने का वचन दिया और बहनों को दक्षिणा व मनपसंद उपहार भेंट किए।

त्योहार के रंग बाजारों में भी खूब बिखरे। मिठाई, उपहार और सजावटी सामान की दुकानों पर सुबह से ही खरीदारों की भीड़ उमड़ती रही। बच्चों की खिलखिलाहट और बुजुर्गों की अपनत्व भरी मुस्कान ने रक्षाबंधन के माहौल को और भी खास बना दिया।

ग्रामीण इलाकों में भी यह पर्व पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। कई परिवारों में दूर-दराज रहने वाले भाई-बहन इस विशेष दिन पर घर लौटे, जिससे मिलन का क्षण और भी भावुक व यादगार बन गया।

रक्षाबंधन भाई बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है। रक्षाबंधन को लेकर मन में अक्सर यही सवाल सबसे पहले आता है कि रक्षाबंधन का पर्व कैसे शुरू हुआ था? आखिर रक्षाबंधन क्यों मनाया जाता है? इसके पीछे पौराणिक कथा है। जिसका उल्लेख धार्मिक ग्रंथो में भी किया गया है।

हिंदू धर्म में रक्षाबंधन का त्योहार 5 हजार साल से भी अधिक पुराना है, जो द्वापर युग से चला आ रहा है। इस त्यौहार का संबंध विष्णु भगवान के आठवें अवतार श्रीकृष्ण और सुभद्रा से है। सुभद्रा ने अपने भाई भगवान कृष्ण की रक्षा के लिए उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बाँधा था। यह पर्व श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। देश के साथ विदेशों में रहने वाले हिंदू धर्म के लोग भी इस त्यौहार को बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाते हैं। इस बारे में ज्यादा जानकारी देते हुए जिले के वयोवृद्ध विद्वान धर्माचार्य पंडित कृष्ण गोपाल द्विवेदी बताते हैं कि रक्षाबंधन का त्यौहार श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। द्वापर युग में श्री कृष्णा की बहन सुभद्रा थी, जो अपने भाई यानी कृष्ण से काफी ज्यादा स्नेह करती थी। जब कृष्ण युद्ध के लिए जा रहे थे, तो सुभद्रा को उनकी काफी ज्यादा चिंता थी। द्वापर युग में युद्ध पर जाने से पहले सुभद्रा ने कृष्ण भगवान की सुरक्षा के लिए उनके दाएं हाथ में रक्षा सूत्र बांधा था। जिसका वर्णन कई धार्मिक ग्रंथो में किया गया है। रक्षाबंधन का पर्व द्वापर युग से ही चला आ रहा है। बहनें भाई के दाएं हाथ पर रक्षा सूत्र यानी राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र की कामना करते हुए निरोग रहने की प्रार्थना करती हैं और भाई जीवन भर उनकी रक्षा का संकल्प लेते हैं।

शहर सहित जिलेभर में उत्साह से मना रक्षाबंधन का पर्व

# बहनों ने भाई की कलाई पर प्यार बांधा है, रेशम की डोरी से संसार बांधा...

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बहनो ने भाई की कलाई पर प्यार बांधा है, रेशम की डोरी से संसार बांधा है। कुछ इसी अहसास के साथ भाई- बहन के पवित्र रिश्ते का त्यौहार रक्षाबंधन सावन माह के आखिरी दिन पूरे जिले में उत्साह के साथ मनाया गया। अपने प्यार को रेशम के धागों में पिरोकर बहनों ने उसे भाइयों की कलाई पर सजाया तो भाइयों ने भी बहनों की आजीवन रक्षा का वचन दिया। भाई की कलाई में राखी बांध रोली अक्षत का टीका लगाकर दीर्घायु होने की कामना की तो भाइयों ने जीवन पर्यंत बहनों की रक्षा का वचन देकर उपहार दिया।

शनिवार को शहर में रक्षाबंधन पर्व को लेकर काफी चहल पहल रही। इस बार भ्रदा नहीं होने के कारण दिन में ही राधी बांधने का सिलसिला शुरू हो गया। बहन भाई के प्रेम का प्रतीक यह त्यौहार हमेशा की तरह घर मे श्रद्धापूर्वक मना लेकिन कुछ सालों से इस त्योहार में चला सोशल मीडिया के चलन ने त्योहार का उल्लास और अधिक बढाने का काम किया है। जिन बहनों ने अपने भाईयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधा और जिन भाईयों ने रक्षासूत्र बंधवाया सभी ने प्रेम के इस क्षण को मोबाइल में कैद कर सोशल मीडिया पर प्रचारित कर यादगार लम्हा बना डाला। शनिवार को फेसबुक पर सबसे अधिक पोस्ट रक्षाबंधन को लेकर ही डाली गई। जिला मुख्यालय सहित आसपास के गांवों में भी रक्षाबंधन का त्योहार उल्लासपूर्वक मनाया गया।



## भाजपा महिला मोर्चा ने पुलिसकर्मियों को राखी बांधी

शनिवार को भाजपा महिला मोर्चा ने कोतवाली थाने पर रक्षा बंधन का त्यौहार मनाया। इस अवसर पर महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सरोज तोमर ने कोतवाली थाने पर पहुंचे एसपी वीरेन्द्र जैन, कोतवाली टीआई सतीश सिंह चौहान सहित अन्य पुलिस पुलिसकर्मियों को राखी बांधी। इस दौरान महिला मोर्चा की पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पुलिसकर्मियों को राखी बांधकर उनके सुरक्षा कार्यों की सराहना करते हुए वृद्ध महिला के साथ हुई लूट की वारदात का जल्द खुलासा करने पर पुलिस का आभार जताया। इस मौके पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सरोज तोमर ने कहा कि पुलिसकर्मी दिन-रात हमारी सुरक्षा के लिए काम करते हैं और हमें उनकी सुरक्षा के लिए आभारी होना चाहिए।



## कलेक्टर ने वृद्धाश्रम पहुंचकर मनाया रक्षाबंधन

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने रक्षा बंधन पर्व सेवाभाव और धार्मिक अनुष्ठान कर मनाया। इस दौरान उन्होंने प्रेरणा वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्ग निराश्रित महिलाओं से राखी बंधवाई और उन्हें अपना बेटा और भाई होने का भान कराया। कलेक्टर परिवार संग गणेश मंदिर और हजारेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद वे परिवार सहित वृद्धाश्रम पहुंचे। कलेक्टर की पत्नी ने सभी वृद्धजनों की कलाई पर राखी बांधी, मिठाई वितरित की और उनके स्वास्थ्य और सुख की कामना की।



## छुट्टी न मिलने से घर नहीं जा सके टीआई ने दलित बहनों से बंधवाई राखी

श्योपुर।राखी का त्यौहार भाई और बहनों के बीच अटूट प्रेम का बंधन होता है। इस बंधन को निभाने के लिए जात-पात ऊंच नीच का भेद भी कई जगह खत्म होता दिखाई भी पड़ता है ऐसा ही नजारा शनिवार को शहर के वार्ड क्रमांक 2 की हरिजन बस्ती में देखने को मिला, जहां कोतवाली टीआई सतीश सिंह चौहान अपनी मुंह बोली बहनों सोनिया एवं सिमरन धूलिया से उनके घर राखी बंधवाने पहुंचे। दरअसल टीआई चौहान विगत दिनों वृद्ध महिला के साथ हुई लूट के बाद आरोपियों को पकड़ने के चक्कर में ऐसे उलझे कि रक्षा बंधन पर घर नहीं जा सके, भाई की मजबूरी को समझ बहनों ने राखी लिफाफे में रखकर भिजवा दी जिसे बंधवाने के लिए टीआई चौहान ने ऐसी बहबोली बहनों का चयन किया जो शायद जिले में मिसाल बन जाए। दरअसल सतीश चौहान इससे पहले भी कोतवाली टीआई रह चुके हैं और तब से ही थाना परिसर एवं क्वार्टर की सफ़ाई सफाईकर्मी राम धूलिया करता चला आ रहा है, टीआई चौहान ने अपने पुराने सेवादार को इस काम के लिए चुना और उसे फोन कर बताया कि वह उसके घर पर राखी बंधवाने आ रहे हैं। टीआई का मेसेज मिलते ही राम धूलिया ने मलिन बस्ती में स्थित अपने घर का हुलिया सुधरवाया और बेटियों को राखी बांधने के लिए तैयार किया। थोड़ी ही देर में टीआई पुलिस बल के साथ राम धूलिया के घर पहुंच गए जहां उन्हें राम धूलिया की दोनों बेटियों सोनिया एवं सिमरन धूलिया ने राखी बांधी।

## जेल में भाईयों को राखी बांधने पहुंची बहने



जो भाई किन्हीं कारणों से जेल में सजा काट रहे हैं या फिर विचाराधीन हैं उन्हें राखी बांधने के लिए बहनें पूजा की सारी सामग्री लेकर जेल पर पहुंच गई। बहनों के इस प्यार की चिंता जेल अधीक्षक प्रभात कुमार ने भी की। जेल अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने की शर्त पर बहनों को अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधने की सशर्त स्वीकृति दी। इतना ही नहीं जेल प्रशासन के द्वारा बहनों को राखी बांधने के लिए पूजा की थाली भी उपलब्ध कराई। जेल में दोपहर दो बजे तक राखी बांधने का सिलसिला चलता रहा कई समाज सेवी संगठनों की बहनों ने भी जेल में पहुंचकर उन भाईयों को राखी बांधी जिनकी बहनें जेल तक नही आ सकी।

# खेतों में काम कर रहे किसानों पर तेंदुए का हमला, शरीर का मांस तक नोच डाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

विजयपुर तहसील के चंदेली गांव में शनिवार की सुबह खेतों पर काम कर रहे दो किसानों पर आदमखोर तेंदुए ने हमला कर दिया। हमले के दौरान तेंदुआ एक किसान का मांस तक नोच कर खा गया। इस हमले में दोनो किसान गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए विजयपुर के अस्पताल में दाखिल कराया गया,जहां दोनों को ग्वालियर के रैफर कर दिया है। हमला करने के बाद तेंदुआ जंगल में भाग गया है, लेकिन इस हमले से पूरे क्षेत्र में दशहत फेल गई है।

ग्रामीणों के मुताबिक अगरा क्षेत्र के चंदेली गांव के मंगोली आदिवासी और प्रकाश आदिवासी शनिवार की सुबह जब अपने खेत पर काम करने के लिए पहुंचे थे. तभी खेत में छिपे तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया. तेंदुए के पंजे से मंगोली आदिवासी और प्रकाश आदिवासी के शरीर पर गहरे घाव हो गए है. दोनों किसानों के चिल्लाने पर आसपास के किसान लाठी डंडे लेकर दौड़ पड़े. तेंदुए को भगाने के बाद मंगोली आदिवासी और प्रकाश आदिवासी को विजयपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया.जहां डॉक्टरों ने दोनों की गंभीर हालात को देखते हुए उन्हें ग्वालियर रेफर कर दिया है। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी। बता दें कि इसी क्षेत्र में पहले भी तेंदुए ने इस तरह का हमला किए जाने की घटना घटित कर दी थी। लगातार हो रहे जंगली जानवरों के हमले से इलाके में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से हिसंक जानवरों को पकड़ने की मांग की है।





# मानपुर टीआई ने आदिवासी बच्चों के बीच पहुंचकर मनाया रक्षाबंधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मानपुर टीआई पीएस यादव ने शनिवार को रक्षाबंधन का त्यौहार आदिवासी बच्चों के बीच पहुंचकर मनाया और उनसे राखी भी बंधवाई। इस दौरान टीआई ने करीब एक सैकडा से अधिक आदिवासी बच्चों को घर-घर जाकर उपहार के तौर पर चॉकलेट, किताबें और पेंसिल आदि प्रदान की।



# दहेज के लिए विवाहिता को पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मगरदा थाना क्षेत्र में एक विवाहिता को उसके ससुरालियों के द्वारा दहेज के लिए न सिर्फ प्रताडित किया गया,बल्कि उसके साथ मारपीट भी कर दी गई। मगरदा थाना पुलिस ने बताया कि इस मामले में पीडित विवाहिता प्रियंका पत्नी जीतू बाल्मिकी की रिपोर्ट पर उसके पति जीतू बाल्मिकी समेत पिस्ता और आकाश निवासी दुबेरा के खिलाफ मारपीट और दहेज एक्ट की धारा में केस दर्ज कर लिया है।

नगरपालिका के असहयोग के बीच पुलिस कर रही जुगाड़ से व्यवस्था

# त्योहार आते ही चौपट हो जाती है शहर की यातायात व्यवस्था, पैदल निकलना भी दूभर



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

त्योहार आते ही शहर की यातायात व्यवस्था ध्वस्त होती नजर आती है। ऐसी ही बिगड़ी व्यवस्था से लोगों को शनिवार के दिन दोचार होना पड़ा। राखी की खरीददारी के लिए घरों से निकले लोगों के लिए बाज़ार निकलना भी दूभर हो गया। मेन मार्केट सहित सभी बाजारों में पार्किंग व्यवस्था न होने से सड़क पर ही बाइक खड़ी की गई, जिसके कारण अधिक जाम लगा। बाजार में बढ़ने वाले अतिक्रमण से निपटने के लिए जिम्मेदार नगरपालिका प्रशासन द्वारा जिम्मेदारी से मुंह मोड़ लेने के बाद यातायात की जिम्मेदारी ट्रैफिक पुलिस बाजारों में बैरिकेडिंग लगाकर जुगाड़ से व्यवस्था करते भी दिखाई पड़ रहा है।

शहर के मेन मार्केट, बड़ौदा रोड, तोड़ी गणेश बाजार, शिवपुरी रोड पाली रोड आदि बाजार क्षेत्रों में कहीं भी पार्किंग न होने के कारण लोग दुकानों के बाहर सड़क पर ही वाहन खड़े रहे हैं। जो जाम का कारण बन रहे हैं। हालांकि यातायात की बदहाल व्यवस्था को संभालने के उद्देश्य से पुलिस ने बाजारों में कई स्थानों बैरिकेडिंग कर बड़े वाहनों की बाजार में आवाजाही बंद कर दी लेकिन जो ग्राहक बाईक लेकर खरीददारी करने पहुंचे उन्होंने अपनी बाइक दुकानों के बाहर रोड पर ही खड़ी की जिससे बाजार में बार बार जाम लगता रहा।

## सड़कों पर लगी दुकानों ने निकलना किया दूभर

वैसे तो श्योपुर के बाजारों में निकलना हमेशा ही मुश्किल होता है लेकिन जब भी त्यौहार आ जाता है तब यह अव्यवस्था और अधिक बढ़ जाती है राखी का त्यौहार तो भीड़ के साथ अतिक्रमण भी लेकर आता है इन दिनों बाजारों में करीब चार सैकड़ा स्थान पर राखी के स्टाल लगाए गए हैं यह स्टॉल दुकानों के बाहर थड़े लगाकर और बाजारों में हाथ ठेले सजाकर लगाए गए हैं। सड़कों पर लगने वाले इन स्टालों के कारण यातायात बुरी तरह बाधित हो रहा है। विगत 8 दिनों से चल रहा यह अतिक्रमण राखी के दिन और अधिक तब देखने को मिला जब मिठाई वाले और दूसरे दुकानदारों ने भी अपनी दुकानों के बाहर सड़क पर स्टॉल सजा दिए सड़कों पर आई दुकानों के कारण भी बाजार में जाम की स्थिति से लोगों को दो-चार होना पड़ा

## बैरिकेडिंग हटाकर घुसते रहे बाज़ार में

त्योहार के समय बाजारों में भीड़ भाड़ कम हो यातायात सुलभ रहे इस उद्देश्य से बाजारों में चार पहिया वाहन को के घुसने को प्रतिबंधित करने के उद्देश्य कई जगह बैरिकेट्स लगाए गए। यह बैरिकेट्स नगर पालिका के सामने में मार्केट से सुबात चौराहा तक, सुबात चौराहा से गणेश बाजार होते हुए पुल दरवाजा तक लगाए गए ताकि बाजारों में चार पहिया वाहन घुसकर यातायात व्यवस्था को अव्यवस्थित न करें लेकिन कई वाहन चालक इन वेरी कैट्स को हटाकर अपने वाहनों को बाजार में घुसा कर गुजरते देखे गए। जिससे जुगाड़ से बनी इस व्यवस्था में भी अव्यवस्था होती रही।

कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

# श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से नष्ट हो जाते हैं जन्म जन्मांतर के विकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



शहर के जाट छात्रावास में शनिवार को कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा शहर के वार्ड क्रमांक 10 स्थित श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर से आरंभ हुई। कलश यात्रा गाजेबाजे के साथ प्रमुख मार्गो सें होते हुए कथा स्थल जाट छात्रावास में पहुंचकर सम्पन्न हुई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। कलश यात्रा के बाद कथा व्यास संत हरिशरण महाराज ने श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा, ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें। श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है।

विश्व आदिवासी दिवस पर वक्फ़ इंतजामिया कमेटी का सम्मान समारोह आयोजित

# सिर्फ सहायता के बूते समाज को सुधारने की जरूरत: पिंकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




सरकार की मंशा में कोई कमी नहीं है, सरकार कुपोषण मिटाने के लिए 1500 रुपए हर मार महिलाओं को दे रही है लेकिन कुपोषण नहीं मिट रहा है क्योंकि कुपोषण की राशि पौष्टिक आहार लेने में खर्च होने के बजाए नशाखोरी में खर्च हो रही है। पीएम जनमन योजना के तहत घर बनाने के दो लाख रुपए तक तक दिए जा रहे हैं लेकिन लोग पैसे लेकर भी घर बनाने के बजाए दूसरे उपयोग में कर रहे हैं। पढ़ाई के लिए स्कूलों के अलावा छात्रावास आश्रम खोले गए हैं लेकिन बच्चों को पढ़ाने के बजाए मजदूरी में झोंका जा रहा हैं। ऐसी स्थिति को सुधारने के लिए सरकार पर आरोप लगाने के बजाय समाज को सुधारने की जरूरत है। यह बात शनिवार को वक्फ़ इंतजामिया कमेटी जमातखाना द्वारा विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित सम्मान समारोह में पूर्व जनपद अध्यक्ष पिंकी आदिवासी ने मुख्य अतिथि की हैसियत से संबोधन देते हुए कही।

मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के चेयरमैन (कैबिनेट मंत्री दर्जा) डॉ सनवर पटेल के निर्देश पर जिला वक्फ कमेटी एवं वक्फ़ इंतजामिया कमेटी जमातखाना द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित सम्मान समारोह में आदिवासी समाज सुधारक रामजी लाल गोरछिया ने कहा कि पूरे विश्व में लगभग 37 करोड़ आदिवासी हैं। 13 सितम्बर 2007 को संयुक्त राष्ट्र संघ ने, आदिवासियों के अधिकार का संयुक्त राष्ट्र के घोषणा पत्र (यूएनड्रिप) को अंगीकृत किया था। घोषणा पत्र के शुरुआत में ही कहा गया है कि आदिवासी समुदाय को अन्य समुदायों की भाँति ही बराबरी का दर्जा मिलना चाहिए।आदिवासी समाज में विविधता है और वे एक विशिष्ट भाषा एवं संस्कृति को मानने वाला समाज हैं। इस विविधता का सम्मान होना चाहिए। आदिवासी समुदाय को उनकी विशिष्ट संस्कृति और जीवन शैली के आधार पर कोई भी राष्ट्र उनसे भेदभाव नहीं कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने इस तथ्य पर भी चिंता जतायी कि बाहरी समुदाय के द्वारा आदिवासी समुदाय के जल जंगल और ज़मीन के दोहन का एक ऐतिहासिक क्रम रहा है और फलस्वरूप आदिवासी जल जंगल और जमीन के मालिक होने के बाद भी आज इन पर अधिकार पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

इससे पहले मेहमानों का स्वागत वक्फ इंतजामिया कमेटी जमातखाना के सदर इंसाफ कुरैशी ने किया, आभार वक्फ बोर्ड के जिलाध्यक्ष काजी असद उल्लाह कुरैशी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में शिक्षाविद, साहित्यकार डॉ अशफ़ाक अर्शी, समाजसेवी मोहम्मद चीनी कुरैशी, पार्षद खालिद फारूकी, विधायक प्रतिनिधि डॉ शहजाद, जमीयत उलमा ए हिंद के जिलाध्यक्ष कारी आदिल कुरेशी, मेवातियान समाज के जिम्मेदार राजू मेव, मुस्लिम समाजसुधारक हाफ़िज़ शहजाद आदि मौजूद रहे।

# वैदिक मंत्रों से गूंजा वातावरण, मना श्रावणी पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्रावण मास की पूर्णिमा के पावन अवसर पर गायत्री शक्ति पीठ श्योपुर पर वैदिक रीति से श्रावणी पर्व आयोजित किया गया। इस दौरान वैदिक मंत्रों से वातावरण गुंजाएमान हो गया था।

श्रावणी पर्व के अवसर पर मोती कुई और गुप्तेश्वर मंदिर के रास्ते के बीच स्थित गायत्री शक्ति पीठ पर उपस्थित परिजनों ने यज्ञ भस्म,गौ घृत,मूत्र,गोबर, दूध,दही,शहद, गंगाजल,हल्दी, कुश आदि सामग्रीसे मंत्रोच्चार के साथ दश स्नान किया। उसके पश्चात सामूहिक गायत्री महा यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें सभी परिजनो ने विश्व कल्याण हेतु गायत्री मंत्र की आहुतियां दीं। उसके पश्चात सामूहिक रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार श्योपुर के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी आदित्य चौहान, जिला समन्वयक चौथ मल शर्मा, डॉ ओम प्रकाश टकसाली, डॉ जितेंद्र गुप्ता, ब्रिजनेश सिंह, विष्णु शर्मा राजेंद्र गुप्ता, महेंद्र शर्मा, कैलाश नारायण राठौर, जगदीश शर्मा, बंटी लोधा,अंजली गौड़, यश्वी गौड़,कमलेश,गणेश, सहित अन्य परिजन उपस्थित रहे। इस अवसर गायत्री शक्ति पीठ परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।उधर नवलखा हनुमान मंदिर पर भी श्रावणी उपाकर्म किया गया।





## सीप नदी के भूतेश्वर घाट पर किया श्रावणी उपाकर्म

**श्योपुर।** सावन की पूर्णिमा पर शनिवार को श्रावणी उपाकर्म मनाया गया। इस दौरान सीप नदी के भूतेश्वर महादेव घाट पर हेमाद्रि संकल्प, दशविध स्नान, ऋषि तर्पण, देव और पितृ तर्पण के साथ ही भगवान सूर्य से ओज व तेज की कामना की गई।साथही राष्ट्र के दिवंगत सैनिको को भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए फल भी वितरित किए गए। नीलकंठ वैदिक गुरुकुलम के तत्वावधान में आयोजित इस श्रावणी उपाकर्म में विद्यार्थियों सहित 45 लोग शामिल हुए। इसके बाद नीलकंठ वैदिक गुरुकुलम परिसर में विधिवत ऋषि पूजन यज्ञोपवीत पूजन हवन पुर्णाहुति करके परस्पर सभी को रक्षासूत्र बांधते हुए सबको रक्षाबंधन महा पर्व की बधाई दी गई।



# गुमटी में लगी कपड़े की दुकान से चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के पाली रोड पर ब्लॉक कॉलोनी के सामने गुमटी में लगी एक कपडे की दुकान में बीती रात्रि के दौरान चोरी हो गई। रामबाबू आर्य की इस गुमटी में चोर रात्रि के दौरान टीन को तोडकर घुस गए। दुकान मालिक रामबाबू आर्य ने बताया कि चोर दुकान से नगदी और कपडे समेत करीब 50 हजार रूपए सामान चोरी कर ले गए है। कोतवाली टीआई सतीश सिंह चौहान ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया है। मामले में कार्रवाई की जा रही है।



### ख़बर संक्षेप



## टीआई उमेश उपाध्याय ने संभाली पिछोर थाने की कमान

**शिवपुरी।** जिला पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ नें पुलिस प्रशासनिक दृष्टिकोण के चलते कुछ थाना प्रभारीयों को इधर से उधर स्थानांतरित कर नये थानों की कमान सोपी जिसमें पिछोर नगर निरीक्षक के पद पर तैनात जितेंद्र सिंह मावई को पिछोर से स्थानांतरित कर देहात थाना शिवपुरी का प्रभार दिया गया तो बहीं उमेश उपाध्याय को पुलिस लाइन शिवपुरी से स्थानांतरित कर पिछोर थानें का थाना प्रभारी बनाया गया। उमेश उपाध्याय टीआई द्वारा आज पिछोर थाने में उपस्थित होकर अपना पदभार ग्रहण किया, इस मौके पर पुलिस विभाग का समस्त स्टाफ आदि उपस्थित था।

## दो बाइक आपस में भिड़ी युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई-अशोकनगर सडक मार्ग पर दो बाईक आपस में टकरा गईं। इस घटना में एक 20 वर्षीय युवक गुरजट पुत्र अमरीश सिंह निवासी पिपनावदा की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि उक्त युवक बाईक से अशोकनगर आ रहा था। तभी कोलुआ के समीप दूसरी बाईक आ रही थी दोनों बाईक आपस में टकराने से गुरजट सिंह की मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

## मारपीट का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम ढेकन निवासी रामलाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गजभान, भूरा और राजा खंगार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## शौच के लिए गई महिला की सर्प दंश से मौत

**अशोकनगर।** ग्राम खिरका टांका निवासी सैपबाई आदिवासी अपने घर से खुले में शौच के लिए गई थी। जहां उसे सांप ने डस लिया, महिला घर पहुंची तब परिवार जन उसे बाईक से पास के गांव झाड़फूंक को ले गए। जब महिला की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ तब उसे जिला अस्पताल लाया गया। लेकिन तब तक काफी देर हो जाने से महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

## 23 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर खुदखुशी की

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम पांडरी निवासी रामलली पत्नी बाबू आदिवासी उम्र 23 साल ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### करैरा उपजेल में रक्षाबंधन पर160 कैदियों से मिलने पहुंचे 375 परिजन

# बहनों ने भाई की सजाई कलाई भावुक पलों में लिया भलाई करने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा



करैरा उपजेल में रक्षाबंधन का पर्व बड़े उत्साह और भावनात्मक माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर 160 कैदियों से मिलने उनके परिवार के 375 लोग उपजेल पहुंचे, जिनमें बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधने के लिए उत्साहित थीं। उपजेल के अधीक्षक सुनील शर्मा की देखरेख में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनसे भविष्य में अपराध का रास्ता त्यागकर समाज में भलाई और ईमानदारी का जीवन जीने का संकल्प दिलाया। इस पवित्र बंधन के पल में कई कैदी अपनी बहनों को देखकर भावुक हो उठे, जबकि कुछ बहनों की आंखों में स्नेह और चिंता के आंसू छलक आए। जेल प्रशासन ने सभी आगंतुकों का आधार कार्ड के माध्यम से पंजीकरण करवाया, ताकि मुलाकात की प्रक्रिया व्यवस्थित और सुरक्षित रहे। यह आयोजन न केवल भाई-बहन के अटूट रिश्ते को मजबूत करने का अवसर बना, बल्कि कैदियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में भी एक कदम साबित हुआ।

### जेल की दीवारों में बहनो से किया वादा

उपजेल में रक्षाबंधन का यह कार्यक्रम एक अनूठा दृश्य प्रस्तुत कर रहा था, जहां कठोर जेल की दीवारों के बीच स्नेह और प्रेम की गर्माहट महसूस की गई। कई कैदियों ने अपनी बहनों से मिलकर अपने अतीत पर पश्चाताप व्यक्त किया और भविष्य में बेहतर इंसान बनने का वादा किया। जेल अधीक्षक सुनील शर्मा ने इस अवसर पर कैदियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह पर्व उनके लिए नई शुरुआत का मौका हो सकता है। कार्यक्रम के दौरान जेल में प्रवेश करने वाले सभी परिजनों की सघन जांच की गई और उनके आधार कार्ड के आधार पर एंट्री दर्ज की गई। यह आयोजन न केवल कैदियों और उनके परिवारों के बीच भावनात्मक जुड़ाव को बढ़ाने में सफल रहा, बल्कि समाज में सुधार और पुनर्वास की भावना को भी प्रोत्साहित करता है। इस रक्षाबंधन ने करैरा उपजेल में एक ऐसी मिसाल कायम की, जो कैदियों के मन में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद जगा सकती है।



### करैरा में नवागत आईपीएस डॉ. आयुष जाखड़

# एसडीओपी ने ट्रैफिक व नशे को लिया चुनौती के रूप में



हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

करैरा में नवागत एसडीओपी के रूप में आईपीएस डॉ. आयुष जाखड़ ने पदभार ग्रहण करते ही क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं पर कड़ा रुख अपनाया है। अपनी पहली अनौपचारिक प्रेस वार्ता में उन्होंने करैरा की दो सबसे बड़ी समस्याओं—ट्रैफिक अव्यवस्था और स्मैक के नशे की लत—को अपनी प्राथमिक चुनौती के रूप में स्वीकार किया। डॉ. जाखड़ ने स्पष्ट किया कि इन समस्याओं पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

जिसके परिणाम जल्द ही दिखाई देंगे। उन्होंने अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों को चेतावनी दी कि सुधार का समय अभी है, अन्यथा कठोर कार्रवाई होगी। साथ ही, निर्दोष लोगों को परेशान न करने की बात पर जोर दिया। आम जनता से पुलिस कार्यवाही में सहयोग और सिफारिश से बचने की अपील भी की गई, ताकि व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा सके। डॉ. जाखड़ ने ट्रैफिक समस्याओं पर विशेष ध्यान देते हुए कई मुद्दों को रेखांकित किया। बसों पर सवारी बैठाने, ऑटो-टैक्सी में क्षमता से अधिक सवारी भरने, और एलपीजी गैस से चलने वाली स्कूल वैन जैसी अनियमितताओं पर सख्ती बरतने की बात कही। नाबालिग बच्चों द्वारा तेज आवाज वाली बुलेट मोटरसाइकिल चलाने की समस्या पर भी कार्रवाई की जाएगी। पहले चरण में नाबालिगों और उनके अभिभावकों को समझाइश दी जाएगी, और सुधार न होने पर वाहन जब्ती सहित कानूनी कदम उठाए जाएंगे। हेलमेट के उपयोग और सड़क किनारे वाहन पार्किंग से बचने की सलाह दी गई, ताकि जाम की स्थिति नियंत्रित हो।

इसके अलावा, मंगलवार को बगीचा मंदिर मार्ग पर लगने वाले जाम को नियंत्रित करने के लिए विशेष योजना बनाई जाएगी। स्मैक या अन्य नशीली गतिविधियों की सूचना देने के लिए उन्होंने व्यक्तिगत फोन या व्हाट्सएप के जरिए गोपनीय मुखबिरी की व्यवस्था की बात कही। फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से लेने का आश्वासन देते हुए उन्होंने कहा कि थानों में सुनवाई न होने पर वे स्वयं हस्तक्षेप करेंगे।

# महिला एवं बाल विकास,शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक हुई आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास,शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में महिला एवं बाल विकास की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ह्दय अभियान के अंतर्गत गर्भवती माताओं एवं शिशुओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिये जाने के संबंध में विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कुपोषित बच्चों को सुपोषित कर वजन रिपोर्ट तथा पौष्टिक आहार के संबंध में निर्देशित किया। उन्होंने आंगनवाडी केन्द्रों के सफल संचालन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान शाला त्यागी बच्चों का ह्दय अभियान अंतर्गत शालाओं में प्रवेश कराये जाने की विस्तार से समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में ह्दय अभियान के अंतर्गत चिन्हित 1187 शाला त्यागी बच्चों को पुनरू लक्ष्यानुसार प्रथम चरण में शिक्षा, कृषि, पॉलीटेक्निक, आईटीआई में रूचि अनुसार प्रवेश दिलाया गया। बैठक में शालाओं में प्रवेश,शाला त्यागी छात्रों को मुख्य धारा में लाये जाने,साईकिल वितरण के संबंध में विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान गर्भवती महिलाओं का अनमोल एप में पंजीयन,गर्भवती माताओं का टीकाकरण कराये जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कम्प्यूनिटी ईवेंट के संबंध में प्रचार-प्रसार किये जाने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। बैठक में मातृ वंदना,कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराये जाने तथा आयुष्मान कार्ड की प्रगति के संबंध में विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पूर्ण टीकाकरण,हाईरिस्क महिलाओं के स्वास्थ्य व्यवस्थाओं,शिशु स्वास्थ्य टीकाकरण के बारे में बताया।

# 7 दिनी संस्कृत सप्ताह का शुभारंभः भारतीय संस्कृति की आत्मा को सशक्त करने संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा




शासकीय संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, करैरा में बुधवार से सात दिवसीय संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल देखा गया। कार्यक्रम के पहले दिन प्राचार्य सीमा भार्गव ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्वलन किया। इसके उपरांत शिक्षकों, अभिभावकों और राहगीरों को तिलक लगाकर संस्कृत सप्ताह की शुरुआत की गई।

यह आयोजन संस्कृत भाषा के महत्व को उजागर करने और भारतीय संस्कृति की जड़ों को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। प्राचार्य और संस्कृत शिक्षिका सीमा भार्गव ने इस अवसर पर संस्कृत भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रावणी पूर्णिमा, जिसे रक्षाबंधन के रूप में भी जाना जाता है, विश्व संस्कृत दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्राचीन भारत में इसी दिन से शिक्षण सत्र शुरू होता था और गुरुकुलों में वेद, शास्त्र, और अन्य ग्रंथों का अध्ययन प्रारंभ होता था। श्रीमती भार्गव ने बताया कि संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा है। वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत, योग, आयुर्वेद, और नाट्यशास्त्र जैसे अमूल्य ग्रंथ संस्कृत में ही रचित हैं। ये ग्रंथ न केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं, बल्कि ज्ञान और विज्ञान का भी अनमोल खजाना हैं। उन्होंने आधुनिक युग में पश्चिमी संस्कृति के बढ़ते प्रभाव पर चिंता जताते हुए कहा कि आज के समय में हम अपनी सांस्कृतिक जड़ों से कटते जा रहे हैं। ऐसे में संस्कृत सप्ताह जैसे आयोजन हमें हमारी संस्कृति और परंपराओं से जोड़े रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह सप्ताह हमें अपनी जड़ों को मजबूत करने और संस्कृत भाषा के प्रति युवा पीढ़ी में जागरूकता पैदा करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने विद्यार्थियों और अभिभावकों से अपील की कि वे संस्कृत के अध्ययन और संरक्षण में सक्रिय योगदान दें।

कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों ने भी सक्रिय भागीदारी की। छात्रों ने संस्कृत में श्लोक और भजन प्रस्तुत किए, जिन्हें उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। सप्ताह भर चलने वाले इस आयोजन में विभिन्न गतिविधियों जैसे संस्कृत श्लोक प्रतियोगिता, निबंध लेखन, और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों को संस्कृत भाषा के प्रति प्रेरित करेगा, बल्कि समाज में इस प्राचीन भाषा के महत्व को भी रेखांकित करेगा। संस्कृत सप्ताह का आयोजन करैरा के इस शासकीय विद्यालय में एक अनूठी पहल है, जो स्थानीय लोगो को अपनी सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। यह कार्यक्रम 13 अगस्त तक चलेगा और इसमें शामिल होने के लिए सभी से उत्साहपूर्ण सहभागिता की अपील की गई है।

# पटवारियों ने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा, निराकरण की मांग की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला पटवारी संघ ने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है। इन मांगों में प्रमुखता से लागू हुई वेबजीआईएस 2.0 की भारी अव्यवहारिकता को लेकर है। वर्तमान समय में जब हर विभागों में तकनीकी पारदर्शिता के युग में तकनीक का सदुपयोग कर कर्मचारियों से चर्चा कर कर्मचारी व आम जनों के हित में एप. वेबसाईट व अन्य तकनीकी संसाधनों में आधुनिक बदलाव किया जाता है, वहीं लगभग पिछले एक दशक से राजस्व विभाग में तकनीकी आवश्यकता के नाम पर काफी ज्यादा अव्यवहारिक बदलाव थोपे जा रहे हैं।

### मांगों के बिन्दु

- नामांतरण, परिमार्जन एवं अन्य प्रकार की कार्यवाहियों में सभी कृषकों के मोबाईल नंबर दर्ज कर ओटीपी डालना अनिवार्य है। एक ही समय पर प्राप्त कर उसमें ओटीपी भेजकर तुरंत दर्ज किया जाना संभव नहीं है।
- प्रत्येक ट्रांसेक्शन में ओटीपी कम्पनी के खसरों में प्रबंधक अथवा एचआर के पास जायेगा जो कि अगर लीज एंट्री करनी हो तो एसीसी जैसे बडे ओनर्स के प्रबंधक अथवा एचआर में लगभग 10000 ओटीपी देने होंगे जो कि अव्यवहारिक है।
- खाता पृथक कर बी–1 से किसी भूमिस्वामी का खसरा आवश्यकता अनुसार अलग करने अथवा किसी खसरे को भूमिस्वामी के भी–1 में जोडने संबंधित कार्यवाही जो पूर्व में पटवारी की आईडी से स्वत: पूर्ण हो जाती थी अब अनुमोदन हेतु तहसीलदार की आईडी में जा रही है जिससे प्रक्रिया जटिल और लम्बी होती जायेगी।
- उच्च न्यायालय (अथवा राजस्व न्यायालय) द्वारा आदेशित प्रकरणों की दुरुस्ती करने पर भी पुन: अनुमोदन के लिये निम्न न्यायालय से अनुमोदन होते हुये उच्च अधिकारी के पारा जाता है जिससे कार्य कर पाना और ज्यादा लम्बी हो रही है।
- साईबर तहसील से प्राप्त राजस्व प्रकरणों में पटवारी बकेट हिस्ट्री होनी चाहिये ताकि संबंधित पटवारी को यह ज्ञात हो हमने किस प्रकरण में क्या रिपोर्ट लगाई है।
- साइबर तहसील से प्राप्त प्रकरणों का रियल टाईम स्टेटस संबंधित पटवारी आईडी पर प्रदर्शित होना चाहिए ताकि संबंधित कृषक को अवगत कराया जा सके प्रकरण कहा लंबित है और किस स्तर पर लंबित है।



# संसार में बस इतनी इच्छा करें जो पूरी हो जाए: मुनिश्री पुंगव

### श्रमण संस्कृति रक्षा दिवस पर आज होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

ससांर के कार्य पूर्ण करो बस इतनी इच्छा करना जो शाम तक पुरी हो जाये ऐसी कोई इच्छा मत करना जो मरने तक भी पुरी न हो। ऐसे इच्छा कर लेना जो करने के पहले पूर्ण हो जायें इतना कर लेना कि मरने से एक घंटे पहले सब कुछ छूट जाये।

सम्यक दृष्टि हो तो छः महीने में एक बार नो बार णमोकार मंत्र पढ़ लेना है अच्छे देश में अच्छी जाति में अच्छे कुल में जन्मे हों तो जो कुछ भी किया है इनसे कोई राग नहीं करना और व्देष मत करना मेरे लिए दुनिया में कोई बुरा ना सोचें संसार में कोई मेरा दुश्मन ना हो ये दुनिया बहुत अच्छी हो एक इच्छा जरूर पूरी हो सकती है मैं दुनिया का भला सोचूं दुनिया को मालूम है महाराज ने आशीर्वाद दे दिया तो मेरा बुरा नहीं होगा दुनिया मेरा भले बुरा सोचें।महाराज में किसी का बुरा नहीं सोचूंगा किन किन को रोकोगे मैं सबसे मित्रता करुंगा दुनिया मेरे संबंध में ना सोचें ना देखा लोगों ने सति सीता को भी नहीं छोड़ा जगत माता को नहीं छोड़ा वस एक नियत ले लो मैं किसी का बूरा नहीं सोचूंगा तुम्हारा भला होना प्रारम्भ हो जायेगा उक्त आश्य केउद्गार सुभाषगंज मैदान में विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनिपुगंवश्री सुधासागर जी ने व्यक्त किए।

### अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु बैठक आयोजित

# हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता: स्वतंत्रता उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छताः स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग, अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार कक्ष में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत जैन के निर्देश दिए कि अभियान के तहत कलेक्टर द्वारा जिन अधिकारियों को जो दायित्व सौंपे गये है,वह अपने दायित्वों का पूर्ण रूप से समय पर निर्वहन करें। साथ ही अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय कैलेण्डर अनुसार सभी गतिविधियां आयोजित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने जिले के सभी घरो में तिरंगा लगाये जाने हेतु सभी विभागों प्रमुख को निर्देशित किया गया। सभी नगरीय क्षेत्रों में अभियान का प्रचार-प्रसार स्वच्छता गाडी के माध्यम से कराये जाने हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका/परिषद समस्त को निर्देश दिये गये। अभियान अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी/जिला परियोजना समन्वयक, सर्वशिक्षा अभियान/सहायक संचालक, शिक्षा विभाग तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों एवं आंगनबाडियों में स्वच्छता थीम पर कैलेण्डर अनुसार निबंध प्रतियोगिता/वाद विवाद प्रतियोगिता/रंगोली प्रतियोगिता तथा चित्रकला, नृत्य, नाटक प्रतियोगिता का आयोजित करने के निर्देश दिये गयें। अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय कैलेण्डर अनुसार बच्चो की श्रृखला बनाये जाने हेतु शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया। जिले के सभी विभाग प्रमुखों को उचित मूल्य की दुकान से लक्ष्य अनुसार तिरंगा झण्डा क्रय करने के निर्देश दिये गये। नगर पालिका अशोकनगर को गांधी पार्क, इंदिरा पार्क, तुलसी पार्क पर कचरा वाहन के माध्यम से हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छताः स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग से संबंधित गाने बजाये जाकर प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत समस्त एवं उपयंत्री समस्त को सामुदायिक स्वच्छता परिसर, सेग्रीगेशन शेड की साफ-सफाई कर तिरंगा फहरायें जाने के निर्देश दिये गये। जिले के स्व-सहायता समूहों को तिरंगा रैली यात्रा निकाले जाने हेतु तथा सभी स्व सहायता समूह की महिलाओं के घर पर तिरंगा लगाये जाने हेतु जिला परियोजना प्रबंधक एनआरएलम को निर्देशित किया गया। बैठक में संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।